KGS IAS

KHAN GLOBAL STUDIES

Most Trusted Learning Platform

KHAN SIR

## Most Trusted Learning Platform

# GS PAPER- II (CSAT)

By Sanjeev Tiwari Sir

1. मान लीजिये कि आप एक अत्यधिक जनसंख्या वाले तथा सांप्रदायिक दृष्टि से संवेदनशील जिले के जिलाधिकारी हैं। एक दिन आपको सूचना मिलती है कि एक भीड़-भाड़ वाले क्षेत्र में भीषण आग लग गई है जिससे जान-माल की भारी क्षति होने का ख़तरा है। जब तक आप कोई उचित कार्यवाही सोच पाते, तभी सूचना मिलती है कि जिले के दूसरे छोर पर सांप्रदायिक दृष्टि से अति संवेदनशील इलाके में सांप्रदायिक तनाव उत्पन्न हो गया है जो विस्फोटक रूप ले सकता है। दोनों स्थान आपके कार्यालय से विपरीत दिशाओं में आधे-आधे घंटे की दूरी पर हैं। ऐसी स्थिति में, आप निम्नलिखित में से क्या निर्णय करेंगे:

   a) खुद सांप्रदायिक तनाव वाले स्थान पर जाएंगे तथा किसी सक्षम अधिकारी को आग वाले स्थान पर जाने के लिए निर्देश देंगे।

   b) खुद भीषण आग वाले स्थान पर जाएंगे तथा किसी सक्षम अधिकारी को सांप्रदायिक तनाव वाले स्थान पर जाने के लिए निर्देश देंगे।

   c) खुद कार्यालय में रहेंगे तथा दो सक्षम अधिकारियों को दोनों स्थानों पर भेजकर स्थिति संभालने व वहीं से रिपोर्ट करने के लिए कहेंगे।

   d) अपने वरिष्ठ अधिकारी (कमिश्नर) से पूछेंगे कि इस स्थिति में आपको क्या निर्णय करना चाहिए ताकि बाद में वह आपके निर्णय के लिए आपको दोषी न ठहरा सके।

2. एक नाव पानी में डूबने वाली है। आप बचाव दल के प्रमुख हैं। नाव के पास पहुँचकर आप समझ गए हैं कि संभवतः सभी यात्रियों को न बचाया जा सके। नाव में निम्नलिखित छः लोग हैं:

1. एक 5 साल का बच्चा।

2. गर्भवती महिला, जो बच्चे की माँ है।

3. घर का इकलौता कमाने वाला पुरुष, जो बच्चे का पिता है।

4. 65 साल की महिला जो पुरुष की माँ है।

5.65 साल का पुरुष, जो इस महिला का पति है।

6. नाव चलाने वाला नाविक।

❖ आप इन्हें किस क्रम में बचाएंगे:

a) 3, 1, 2, 4, 5, 6

b) 2, 1, 3, 5, 4, 6

c) 2, 1, 3, 4, 5, 6

d) 1, 2, 3, 5, 4, 6

3. आप एक अविवाहित वयस्क पुरुष हैं और एक महिला से बहुत गहरा प्रेम करते हैं। आपको लगता है कि आप उसके बिना जी नहीं सकते हैं। बहुत दिनों तक सोचने के बाद आप उसे प्रेम प्रस्ताव देते हैं। वह बहुत विनम्रता के साथ आपके प्रस्ताव को अस्वीकृत कर देती है क्योंकि वह पहले से किसी अन्य व्यक्ति के प्रति प्रतिबद्ध है। आपके लिए यह अस्वीकृति अनपेक्षित व अस्वीकार्य सी है। आप इस स्थिति में क्या करेंगे:

a) महिला को उसके सफल प्रेम जीवन के लिए शुभकामना देंगे तथा उसके व्यक्तिगत जीवन से दूर हट जाएंगे।

b) उस व्यक्ति के बारे में जानकारी एकत्रित करेंगे तथा महिला को प्रमाण सहित बताएंगे कि वह व्यक्ति वैसा नहीं है जैसा कि वह उसके बारे में सोचती है।

c) उसे विश्वास दिलाएंगे कि आप उसके लिए जान भी दे सकते हैं; ताकि आपके प्रेम की प्रतिबद्धता का स्तर देखकर वह आपको स्वीकार कर ले।

d) हार नहीं मानेंगे तथा अपनी ओर से उसे प्रेम करना जारी रखेंगे ताकि यदि कभी उसका संबंध टूट जाए तो आप उसके जीवन में प्रवेश करने का मौका पा सकें।

4. कथन:

1. मैं  टी. वी. सिर्फ तभी देखता हूँ , जब मैं बोर होता हूँ ।

2. जब मैं अपने भाई के साथ होता हूँ तो मैं कभी बोर नहीं होता हूँ।

3. जब भी मैं थियेटर जाता हूँ तो अपने भाई को साथ लेकर जाता हूँ।

निष्कर्ष:

(a) अगर मैं बोर होता हूँ तो अपने भाई का साथ तलाशता हूँ ।

(b) अगर मैं बोर नहीं होता हूँ, तो टी. वी. नहीं देखता हूँ।

(c) यदि मैं बोर नहीं होता हूँ तो टी. वी देखता हूँ।

(d) यदि में अपने भाई के साथ नहीं होता हूँ तो टी. वी देखता हूँ।

# THANK YOU!